# तरंग

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल, भोपाल का मासिक ई-न्यूज़लेटर

माह मई 2024

## स्वस्थ तन, स्वस्थ मन और स्वस्थ वूमन - अर्पिता फाउंडेशन की सकारात्मक पहल

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में छात्राओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर' स्वस्थ तन, स्वस्थ मन और स्वस्थ वूमन' विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस आयोजन में डॉ. इलारानी श्रीवास्तव, डॉ. समता जैन और डॉ. गीता चौहान ने रोचक और आत्मीय तरीके से छात्राओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की उपयोगी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर अर्पिता फाउंडेशन की ओर से छात्राओं के लिए प्रदत्त सेनिटरी नेपकिन की इलेक्ट्रॉनिक मशीन डा. सुषमा जादौन ने लोकार्पित की। छात्राओं ने इस सुविधा के लिए हर्ष व्यक्त किया। स्वच्छ तन में ही स्वच्छ मन का वास होता है। वूमन का स्वस्थ होना परिवार और समाज के लिए बहुत आवश्यक है। यह बात विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने कही। आयोजक द्वारा डॉ. अर्चना शर्मा और डॉ. सुषमा जादौन ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महाविद्यालय की छात्राएं और महिला प्राध्यापक उपस्थित रहीं।









6.04.2024

## ALL INDIA INTER UNIVERSITY ROPE SKIPPING CHAMPIONSHIP 2023-24

ALL INDIA INTER UNIVERSITY ROPE SKIPPING CHAMPIONSHIP 2023-24, Organised by LNCT University, Bhopal, from 4 -6 April 2024.
Congratulations to
Students of our COLLEGE -
Rajnandini Singh Sisodiya
1. Speed Jogger 30 sec (Gold) [Individual Event]
2. Single Touch L3 Speed ( Bronze) [Team Event]
Vinay Kumar Sen
1. Speed Jogger 30 sec (Gold) [Individual Event]






6.04.2024

# स्वच्छता और मतदाता जागरूकता अभियान

तीन दिवसीय स्वच्छता और मतदाता जागरूकता अभियान के शुभारंभ पर स्वयंसेवकों ने समाज को स्वच्छ रखने की और मतदान करने की शपथ ली और साथ ही "सेल्फी विथ वोटर आईडी" कार्यक्रम भी किया किया। जिसमे स्वयंसेवकों ने वोटर आईडी के साथ सेल्फी ली। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन, पुरूष इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समता जैन, महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता चौहान के मार्गदर्शन में एवं रा.से.यो. महिला इकाई दलनायिका श्रेया दास (राज्य शिविरार्थी 2024) , कैंपस एम्बेसडर सोहित मीना (स्टेट कैंपर 2024) एवं स्वच्छता एम्बेसडर ऋषिकेश उज्ज्वल, स्नेहा मेहरा, संजय पटेल के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

*सभी रोगों की एक दवाई,*
*पर्यावरण में साफ -सफाई।*

*हमारी अपनी सरकार है*
*मतदान एक अधिकार है।*









6.04.2024

# विश्व स्वास्थ्य दिवस अवसर पर
# "रोल ऑफ हाइड्रो थेरेपी इन मेंटेनिंग हेल्थ एंड न्यूट्रीशन" विषय पर कार्यशाला


विश्व स्वास्थ्य दिवस अवसर पर "रोल ऑफ हाइड्रो थेरेपी इन मेंटेनिंग हेल्थ एंड न्यूट्रीशन" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ श्री बृजेश चौरे हाइड्रोथैरेपिस्ट, सुश्री अलका गंगवार न्यूट्रीशन काउंसलर न्यूट्रीचार्ज और श्री एस पी सिंह, न्यूट्रीशन काउंसलर न्यूट्रीचार्ज विशेष रुप से उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय जैन ने बताया कि भोपाल में एक हज़ार साल से जल चिकित्सा का लाभ नागरिकों को मिलता था।

जल विशेषज्ञ श्री बृजेश चौरे ने अपने संबोधन में कहा कि हाइड्रो थेरेपी का मानव स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर को सामान्य बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका है। इंसान के शरीर में लगभग 60 से 75% जल होता है। उन्होंने बताया कि शुद्ध जल के प्रयोग से हम सभी प्रकार की बीमारियों को नियंत्रित कर सकते हैं। जल के पी एच याने उसके अम्लीय और क्षारीय अनुपात में परिवर्तन करके जानलेवा बीमारियों से बच सकते हैं। उन्होंने विभिन्न स्रोतों से प्राप्त जल एवं कार्बोनेटेड ड्रिंक के पी एच का परीक्षण करके बताया कि कार्बोनेटेड ड्रिंक्स मानव स्वास्थ्य के लिए कितने घातक हैं। बाज़ार में बिकने वाले लगभग सभी शीतल पेय इस श्रेणी में आते हैं| न्यूट्रीचार्ज की पोषण सलाहकार सुश्री अलका गंगवार ने बताया कि शुद्ध भोजन और शुद्ध जल के बिना हम सेहतमंद नहीं रह सकते। अगर स्वस्थ रहना है तो अपने भोजन में ताजे फलों एवं सब्जियों का उपयोग पर्याप्त मात्रा में करना अत्यंत आवश्यक है। संस्था के न्यूट्रीशन काउंसलर श्री एस पी सिंह ने जानकारी दी कि हम भोजन को जितनी कम बार गरम करेंगे, हमारे स्वास्थ्य के लिए भोजन उतना ही लाभप्रद होगा। उन्होंने भी शुद्ध भोजन के साथ शुद्ध जल की मात्रा के महत्व को बताया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय जैन ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सात से 21अप्रैल तक पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों के आयोजन का निर्णय लिया गया है। इस दौरान भेल महाविद्यालय में भी 21 अप्रैल तक स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य ने बताया कि भारत में जल चिकित्सा प्रणाली बहुत पुरानी है और एक हज़ार वर्ष पहले से जल चिकित्सा के प्रमाण मिलते हैं। भोपाल की ऐतिहासिक बड़ी झील के निर्माता राजा भोज थे। वे जल चिकित्सा के जानकार थे। उन्होंने एक हज़ार साल पहले जल मंगल जैसा बेजोड़ ग्रंथ लिखा था। इस ग्रंथ में साफ और शुद्ध जल से अनेक रोगों के इलाज का विवरण मिलता है। इसका अर्थ यह कि उस काल में लोग शुद्ध जल के ज़रिए इलाज की तकनीक से परिचित थे।

महाविद्यालय के क्लीनिकल न्यूट्रीशन विभाग की विभागाध्यक्ष एवं स्वास्थ्य पखवाड़े के दरम्यान होने वाली गतिविधियों की संयोजक डॉ मीता बादल ने बताया कि "विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल" को इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 'मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार' थीम पर मनाने का निर्णय लिया है। यह भारत में प्रत्येक देशवासी का मौलिक अधिकार है और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य की देखभाल पर ज़ोर देता है।

कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के क्लीनिकल न्यूट्रीशन विभाग द्वारा किया गया। कार्यशाला में प्राध्यापक डॉ अर्चना जैन डॉसमता जैन, डॉ अंजना अग्रवाल, क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती सुषमा तिवारी, अतिथि विद्वान प्रियंका विश्वकर्मा के साथ महाविद्यालय परिवार के सारे सदस्य उपस्थित थे। छात्र-छात्राओं ने भी उत्साह पूर्वक भागीदारी की।






6.04.2024

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा "शहीद दिवस (पखवाड़ा) स्मरण श्रृंखला में स्वच्छता कार्यक्रम एवं मतदाता जागरूकता अभियान" के अन्तर्गत "स्वच्छता ही सेवा"

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा "शहीद दिवस (पखवाड़ा) स्मरण श्रृंखला में स्वच्छता कार्यक्रम एवं मतदाता जागरूकता अभियान" के अन्तर्गत "स्वच्छता ही सेवा" थीम पर रा.से.यो द्वारा संस्था में साफ़ सफ़ाई स्वच्छता की गतिविधि अयोजित की गई महात्मा गांधी बस स्टॉप पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया और आस पास के लोगो को भी जागरूक किया साथ ही नारे भी लगाये।

*कार्यक्रम का नेतृत्व पुरुष इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समता जैन मैडम और महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गीता चौहान मैडम के साथ वरिष्ठ स्वयंसेवक अभिषेक जाट, कैंपस एंबेसडर सोहित मीना स्टेट कैंपर 2024 , स्वच्छता एंबेसडर ऋषिकेश उज्वल, स्वच्छता एंबेसडर संजय पटेल, स्वच्छता एंबेसडर सुश्री स्नेहा मेहरा, एवम सभी स्वयंसेवकों के द्वारा किया गया।










12.04.2024

# अकादमिक कैलेण्डर 2024-25

मध्यप्रदेश शासन
उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय

:: आदेश ::

भोपाल, दिनांक 20/05/2024

कमांक 313/52/सीसी/24/38 :: राज्य शासन एतत द्वारा सत्र 2024–25 के लिए मध्यप्रदेश के शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/निजी अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु अकादमिक कैलेण्डर परिशिष्ट–01 एवं परिशिष्ट–02 पर निम्नानुसार जारी किए जाते है।

परिशिष्ट– 1

## अकादमिक कैलेंडर सत्र 2024–2025 (सेमेस्टर कक्षाओं के लिए प्रभावशील)

| अकादमिक कार्य | स्नातकोत्तर प्रथम/तृतीय | स्नातकोत्तर द्वितीय/चतुर्थ |
|---|---|---|
| आरंभिक कक्षाएँ | 01 जुलाई 2024 | 21 दिसम्बर 2024 |
| शैक्षणिक कार्य | 01 जुलाई 2024 से 08 नवम्बर 2024 | 21 दिसम्बर 2024 से 17 अप्रैल 2025 |
| सी.सी. ई. कार्य | सितम्बर तृतीय सप्ताह | मार्च द्वितीय सप्ताह |
| प्रायोगिक परीक्षाएँ | 19 अक्टूबर 2024 से 07 नवम्बर 2024 के मध्य | 01 अप्रैल 2025 से 15 अप्रैल 2025 के मध्य |
| परीक्षा पूर्व तैयारी अवकाश | 16 नवम्बर 2024 से 21 नवम्बर 2024 | 18 अप्रैल 2025 से 22 अप्रैल 2025 |
| सेमेस्टर एवं एटी केटी परीक्षा | 22 नवम्बर 2024 से 12 दिसम्बर 2024 | 23 अप्रैल 2025 से 15 मई 2025 |
| सेमेस्टर अंतराल (ब्रेक) विद्यार्थियों के लिए | 13 दिसम्बर 2024 से 20 दिसम्बर 2024 | 16 मई 2025 से 30 जून 2025 |
| परीक्षा परिणामों की घोषणा | 31 दिसम्बर 2024 तक | 10 जून 2025 तक |

- प्रवेश उत्सव कार्यक्रम : जुलाई 2024
- छात्र संघगठन : सितम्बर– 2024
- खेलकूद/एन.सी.सी./एन.एस.एस./युवा उत्सव/ : माह नवम्बर 2024तक दीक्षान्त समारोह एवं अन्य सम्पूर्ण गतिविधियाँ पूर्ण करली जाएँ
- दीपावली अवकाश : दिनांक 28 अक्टूबर से 2 नवम्बर 2024 तक (05 कार्य दिवस)
- स्नेह सम्मेलन/वार्षिकोत्सव/पुरस्कार वितरण वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन एवं विमोचन : फरवरी 2025 द्वितीय सप्ताह

टीप :–

- अपरिहार्य कारणवश शैक्षणिक कार्य निर्धारित मानक दिवसों से कम होने की दशा में, महाविद्यालय/विविस्तर पर शैक्षणिक काल खण्डों की अवधि में आवश्यकतानुसार वृद्धि कर शैक्षणिक दिवसों की पूर्ति की जाये ताकि अकादमिक कैलेण्डर का पालन समयानुसार सुनिश्चित किया जा सके।
- स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु नवीनीकरण प्रक्रिया को अपनाते हुए शैक्षणिक कार्य प्रारंभ करना सुनिश्चित किया जाये ।
- शैक्षणिक कार्यदिवस कम होने पर अतिरिक्त कक्षाएँ संचालित कर पाठयक्रम पूर्ण किया जावे।

## स्नातकोत्तर सेमेस्टर पद्धति प्रथम/तृतीय कार्य दिवसों की गणना
### सत्र 2024–2025

| क्र. | माह | दिवस | अवकाश | कार्यदिवस |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जुलाई 2024 | 31 | 4 रविवार + 1 अवकाश | 26 |
| 2 | अगस्त 2024 | 31 | 4 रविवार + 3 अवकाश | 24 |
| 3 | सितम्बर 2024 | 30 | 5 रविवार + 1 अवकाश | 24 |
| 4 | अक्टूबर 2024 | 31 | 4 रविवार + 3 अवकाश | 24 |
| 5 | नवम्बर 2024 | 30 | 4 रविवार + 2 अवकाश | 24 |
| 6 | 12 दिसम्बर 2024 तक | 12 | 2 रविवार + 0 अवकाश | 10 |
| | कुल दिवस | 165 | 33 | 132 |

## स्नातकोत्तर सेमेस्टर पद्धति प्रथम/तृतीय हेतु शैक्षणिक कार्य दिवसों की गणना
### सत्र 2024–2025

| क्रमांक | विवरण | कार्यदिवस |
|---|---|---|
| 1. | 01 जुलाई 2024 से 12 दिसम्बर 2025 तक कुल कार्य दिवस | 132 |
| 2. | अवकाश एवं शैक्षणेत्तर गतिविधि/परीक्षा हेतु अशैक्षणिक दिवस<br>1. स्थानीय अवकाश – 03 कार्य दिवस<br>2. दीपावली अवकाश – 05 कार्य दिवस<br>3. महाविद्यालय स्तर गतिविधियाँ – 08 कार्य दिवस<br>4. परीक्षा पूर्व तैयारी अवकाश – 05 कार्य दिवस<br>5. परीक्षा – 20 कार्य दिवस | 41 |
| 3. | कुल शैक्षणिक दिवस (1–2) (132–41) | 91 |

## स्नातकोत्तर सेमेस्टर द्वितीय/चतुर्थ कार्य दिवसों की गणना

### सत्र 2024–2025

| क्रमांक | माह | दिवस | अवकाश | कार्यदिवस |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 21 दिसम्बर 2024 से 31 दिसम्बर 2024 | 11 | 2 रविवार + 1 अवकाश | 08 |
| 2. | जनवरी 2025 | 31 | 4 रविवार | 27 |
| 3. | फरवरी 2025 | 28 | 4 रविवार + 2 अवकाश | 22 |
| 4. | मार्च 2025 | 31 | 5 रविवार + 2 अवकाश | 24 |
| 5. | अप्रैल 2025 | 30 | 4 रविवार + 3 अवकाश | 23 |
| 6. | मई 2025 | 31 | 4 रविवार + 1 अवकाश | 26 |
| 7. | जून 2025 | 30 | 5 रविवार + 1 अवकाश | 24 |
| 8 | कुलदिवस | 192 | 192–38 | 154 |

## स्नातकोत्तर सेमेस्टर पद्धति द्वितीय/चतुर्थ हेतु शैक्षणिक कार्य दिवसों की गणना

### सत्र 2024–2025

| क्रमांक | विवरण | कार्यदिवस |
|---|---|---|
| 1. | 21 दिसम्बर 2024 से 30 जून 2025 तक कुल कार्य दिवस | 154 |
| 2. | अवकाश एवं शैक्षणेत्तर गतिविधि/परीक्षा हेतु अशैक्षणिक दिवस<br>1 महाविद्यालय स्तर गतिविधियाँ – 03 कार्य दिवस<br>2 परीक्षा पूर्व तैयारी अवकाश – 05 कार्य दिवस<br>3 परीक्षा – 20 कार्य दिवस<br>4. ग्रीष्म अवकाश – 36 कार्य दिवस | 64 |
| 3. | कुल शैक्षणिक दिवस (1–2) (154–64) | 90 |

परिशिष्ट– 2

## सत्र 2024–25 अकादमिक कैलेण्डर

### (वार्षिक पद्धति–स्नातक प्रथम/द्वितीय/तृतीय वर्ष कक्षाओं हेतु प्रभावशील)

| स.क्र | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | प्रवेश प्रारंभ | 25 मई 2024 |
| 2. | शिक्षण कार्य प्रारंभ | 01 जुलाई 2024 |
| 3. | प्रवेश कार्यक्रम | जुलाई 2024 |
| 4. | संकाय परिवर्तन/विषय परिवर्तन/प्रवेश समस्या निवारण शिविर | प्रवेश समाप्ति के पश्चात 30 दिवस तक |
| | **छात्र संघ/सांस्कृतिक, साहित्यिक/ खेलकूद एवं अन्य महाविद्यालयीन गतिविधियाँ** | |
| 1. | छात्र संघगठन | सितम्बर 2024 |
| 2. | विश्वविद्यालयीन/महाविद्यालयीन/जिला/संभाग/राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धाएँ | ये सभी गतिविधियाँ माह नवम्बर 2024 तक पूर्ण कर ली जाएं। |
| 3. | खेलकूद/एन.सी.सी./एन.एस.एस/युवा उत्सव/दीक्षान्त समारोह एवं अन्य गतिविधियाँ | |
| 4. | वार्षिक स्नेह सम्मेलन/वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन एवं विमोचन | फरवरी द्वितीय सप्ताह 2025 (अधिकतम 03 कार्य दिवस) |
| | **आंतरिक मूल्यांकन/वार्षिक परीक्षाएँ** | |
| 1. | पूरक परीक्षा प्रारंभ | 16.09.2024 से 30.09.2024 |
| 2. | पूरक परीक्षा परिणाम की घोषणा | 31.10.2024 |
| 3. | त्रिमाही परीक्षा आंतरिक मूल्यांकन | सितम्बर अंतिम सप्ताह 2024 |
| 4. | छःमाही आंतरिक मूल्यांकन | दिसम्बर अंतिम सप्ताह 2024 |
| 5. | सैद्धान्तिक परीक्षा कार्यक्रम की विस्तृत घोषणा | 22 फरवरी 2025 |
| 6. | सभी स्नातक कक्षाओं की प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथि | 13 मार्च से 25 मार्च 2025 |
| 7. | परीक्षा पूर्व तैयारी अवकाश | 26 मार्च से 31 मार्च 2025 |
| 8. | वार्षिक परीक्षा | 01 अप्रैल से 31 मई 2025 |
| 9. | (i) स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि | 10 जून 2025 |
| | (ii) शेष समस्त परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि | 31 जुलाई 2025 |
| | **अवकाश** | |
| 1. | दीपावली | दिनांक 28 अक्टूबर 2024 से 2 नवम्बर 2024 (05 कार्यदिवस) |
| 2. | ग्रीष्म अवकाश (शिक्षकों हेतु) | 16.05.2025 से 30.06.2025 (कुल 36 कार्य दिवस) |

नोट :– स्नातक द्वितीय/तृतीय वर्ष में प्रवेश नवीनीकरण की प्रक्रिया को अपनाते हुए शैक्षणिक कार्य प्रारंभ किया जाए।

## कार्य दिवसों की गणना सत्र 2024–25
(वार्षिक पद्धति–स्नातक प्रथम/द्वितीय/तृतीय वर्ष कक्षाओं हेतु प्रभावशील)

| (अ) | अवकाश एवं शैक्षणेत्तर गतिविधियों का विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | रविवार | 52 |
| 2. | सामान्य अवकाश | 20 कार्य दिवस |
| 3. | स्थानीय अवकाश | 03 कार्य दिवस |
| 4. | दीपावली अवकाश | 05 कार्य दिवस |
| 5. | छात्र संघगठन/महाविद्यालयीन सांस्कृतिक गतिविधियाँ आदि | 15 कार्य दिवस |
| | योग | 95 |
| (ब) | परीक्षा/ग्रीष्मावकाश के अशैक्षणिक दिवस | |
| 1 | परीक्षा पूर्व तैयारी | 06 कार्य दिवस |
| 2. | परीक्षा अवधि | 37 कार्य दिवस |
| 3. | ग्रीष्म अवकाश | 36 कार्य दिवस |
| | योग | 79 कार्य दिवस |
| (स) | कुल अशैक्षणिक दिवस (अ+ब) (95+79) = 174 | 174 कार्य दिवस |
| (द) | कुल शैक्षणिक दिवस (365–174) = 191 | 191 शैक्षणिक कार्य दिवस |

नोट– अपरिहार्य कारणवश शैक्षणिक कार्य निर्धारित मानक 180 दिवसों से कम होने की दशा में, महाविद्यालय/विश्वविद्यालय स्तर पर शैक्षणिक काल खण्डों की अवधि में आवश्यकतानुसार वृद्धि कर शैक्षणिक दवसों की पूर्ति की जाये ताकि अकादमिक कैलेण्डर का पालन समयानुसार सुनिश्चित किया जाए एवं शैक्षणिक कार्य दिवस कम होने पर अतिरिक्त कक्षाएँ संचालित कर पाठयक्रम पूर्ण किया जावे।

16-5-24

(वीरन सिंह भलावी)
अवर सचिव
म.प्र.शासन,उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय

पृ.क. 314 /52/सीसी/24/38 भोपाल, दिनांक 20/05/2024

1. प्रमुख सचिव, माननीय राज्यपाल, राजभवन सचिवालय, म.प्र., भोपाल ।
2. निज सहायक, माननीय मंत्री जी, उच्च शिक्षा, म.प्र. ।
3. स्टॉफ आफीसर, अपर मुख्य सचिव, म.प्र.शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय ।
4. आयुक्त, उच्च शिक्षा, म.प्र., सतपुडा भवन, भोपाल।
5. अध्यक्ष, निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल, म.प्र.।
6. कुलसचिव, समस्त परम्परागत विश्वविद्यालय भोपाल/इंदौर/ग्वालियर/जबलपुर/रीवा/उज्जैन/छतरपुर एवं छिन्दवाडा ।
7. कुलसचिव, समस्त निजी विश्वविद्यालय, म.प्र.।
8. समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, म.प्र.।
9. सी.ई.ओ. एम.पी. ऑनलाइन, द्वितीय तल डी.बी.मॉल, एम.पी.नगर, भोपाल की ओर कार्यवाही हेतु।
10. प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय/अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय/निजी अशासकीय महाविद्यालय, म.प्र.।
11. प्रभारी आई.टी.शाखा, उच्च शिक्षा, म.प्र., सतपुडा भवन, भोपाल की ओर वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

......................... की ओर सूचनार्थ एवं कार्यवाही हेतु ।

16-5-24

अवर सचिव
म.प्र.शासन,उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय